हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

10 हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में धूमधाम ...

11 शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन से...




## खबर संक्षेप



### अतिक्रमण हटाने जारी अभियान पर चर्चा की

जगदलपुर। वन मंत्री केदार कश्यप से छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष अमित कुमार झा जिला अध्यक्ष दामोदर सेठिया,संभाग सचिव धर्मेंद्र सिंह ,अभिषेक श्रीवास्तव ,संतोष कच्छी,लल्लन तिवारी पदाधिकारियों ने ग्राम फरसागुडा में मुलाकात कर वन भूमि के अतिक्रमण को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी।

### कांग्रेस भवन में किया भंडारा



जगदलपुर। बस्तर जिला कांग्रेस के द्वारा राजीव भवन के समक्ष महाभंडारा का आयोजन शनिवार को किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में शहर और गांव के लोग खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षक दिवस



जगदलपुर। शहर के भगत सिंह पूर्व माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसमें बच्चों ने शिक्षकों की कुर्सी दौड़ रखी गई एवं बच्चों द्वारा शिक्षकों को डायरी, श्रीफल, पेन आदि देकर शिक्षकों को सम्मानित किया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती यास्मीन खान, श्रीमती इंद्रा मथरानी, श्रीमती रुपलता पांडे, उमेश प्रताप सिंह, विशाल देवांगन, पुरुषोत्तम पांडे, श्रीमती याशिका प्रधान शामिल रहे।

### रजत जयंती मनाई और रैली निकाली



जगदलपुर। राज्य स्थापना दिवस रजत जयंती समारोह के अवसर पर शनिवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सालय के समस्त चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

# नेता प्रतिपक्ष के पद पर रहते चौबे ने पार्टी की मजबूती के लिए कुछ नहीं किया : शुक्ला

## रविन्द्र चौबे के बयान देने पर बिफरे वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला ने पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेजकर तत्काल एक्शन लेने की मांग की है। उन्होंने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को लेकर रविंद्र चौबे द्वारा की जा रही बयानबाजी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शुक्ला ने कहा है कि रविंद्र चौबे दुर्ग जिले के साजा क्षेत्र से विधायक रहे हैं,और भूपेश बघेल की सरकार में कृषि एवं पशु धन विकास मंत्री रहे हैं। वर्ष 2008 से 2013 तक नेता प्रतिपक्ष भी रहे हैं।



### खड़गे को लिखे पत्र में चौबे को हटाने की मांग

*शुक्ला ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखी चिट्ठी में रविन्द्र चौबे के बारे में कई शिकायतें की है और उनके बयान को पार्टी के खिलाफ बताते तत्काल कांग्रेस से हटाने की मांग की है।*

साजा विधानसभा क्षेत्र चौबे परिवार की परपंरागत सीट रही है। रवींद्र चौबे ब्राम्हण नेता होने के नाते मंत्रिपरिषद में जगह पाने में सफल हो गए,परंतु उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में छत्तीसगढ़ के ब्राम्हणों के कल्याण के लिए कोई कार्य नहीं किया। इस कारण स्व. श्यामाचरण शुक्ला एवं विद्याचरण शुक्ला के बाद से छत्तीसगढ़ का नेतृत्व ब्राम्हण शून्य हो गया एवं छतीसगढ़ के ब्राम्हण भारतीय जनता पार्टी की ओर चले गए। नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से उनकी जिम्मेदारी थी कि पूरे प्रदेश में भ्रमण करते और संगठन को मजबूत करते परंतु उन्होंने कभी भी इस दिशा में काम नहीं किया।

## नक्सलवाद के खात्मे के लिए सीआरपीएफ डीजी की अध्यक्षता में हाईलेवल बैठक

# मानसून के समाप्त होते ही मार्च 2026 के लक्ष्य को किया जाएगा पूरा, बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सलवाद के खात्मे को लेकर मार्च 2026 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए शनिवार को लालबाग कोऑर्डिनेशन सेंटर में सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह की अध्यक्षता में नक्सल समस्या और सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश इंटलीजेंस के प्रमुख अधिकारियों के अलावा छग डीजीपी भी मौजूद थे। बैठक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चली जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर मानसून के समाप्त होते ही नक्सल उन्मूलन को लेकर रणनीति बनाई गई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा मार्च 2026 तक देश को नक्सल मुक्त करने के लक्ष्य को लेकर आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। चार घंटें चली इस बैठक के माध्यम से नक्सलवाद के खात्मे को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा होने की बात कही जा रही है।

■ चार घंटे चली बैठक में इंटलीजेंस के वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल



### जवानों की आत्महत्या पर हुई चर्चा

धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात जवानों द्वारा कि जा रही आत्महत्या के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस पर अकुंश लगाने भी चर्चा कि गई। बैठक में इस बात पर भी चिंतन किया गया कि लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रो में तैनात सीआरपीएफ जवानों के अलावा अन्य बटालियन के जवानों के द्वारा आत्महत्या करने की संख्या भी बढ़ती जा रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आत्महत्या को रोकने या फिर जवानों से चर्चा करने बड़े आला अधिकारियों की टीम तैनाती स्थलों में जाएगी।

नक्सल उन्मूलन को लेकर बंद कमरे में हुई हाई लेवल मीटिंग में सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन के बीच तालमेल बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। छग दौरे पर पहुंचे सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह शनिवार को जगदलपुर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा व नक्सलवाद के खात्मे के लिए निर्धारित लक्ष्य को कैसे पूरी करें विषय पर चर्चा हुई। बैठक में डीजीपी अरुण देव गौतम, एडीजी इंटेलीजेंस विवेकानंद सिन्हा के अलावा सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी की मौजूद में हुई बैठक में बस्तर में शांति बहाली के प्रयासों को और मजबूत करने नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की रणनीति, ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मानसून के बाद ऑपरेशन होगा तेज

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस ऐलान को ध्यान में रखकर रणनीति तैयार की गई है जिसमें उन्होंने 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के खात्मे का लक्ष्य तय किया है। सूत्रों के अनुसार बैठक में नक्सल ऑपरेशनों को और आक्रामक बनाने, सीमावर्ती राज्यों में नक्सलियों की घेराबंदी और खुफिया सूचनाओं के बेहतर आदान-प्रदान पर जोर दिया गया। नक्सल प्रभावित राज्यों के बीच बेहतर समन्वय और समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान की प्रणाली विकसित करने पर भी चर्चा किया गया। मानसून के समाप्त होते ही नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज किया जाएगा।

## हड़तालियों ने रैली निकाली और मांई दंतेश्वरी को चढ़ायी 108 मीटर चुनरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने 20 दिन से 10 सूत्रीय मांग पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं। हड़ताल के 20 वें दिन शनिवार को हड़तालियों ने पुराना कृषि उपज मंडी परिसर से मनोकामना रैली निकाली, रैली में 108 मीटर चुनरी लेकर मांई दंतेश्वरी मंदिर में पहुंचे। मंदिर में मां के सामने शीश झुकाकर 108 मीटर चुनरी चढ़ाई और मां को कामना की कि हमारी 10 सूत्रीय मांग पूर्ण करने की प्रार्थना की।

■ संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने शहर में निकाली मनोकामना रैली

संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला जंगले ने बताया कि अपने 10 सूत्रीय मांग यथा संविलयन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ केडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति एवं न्यूनतम 19 लाख तक कैशलेश चिकित्सा सुविधा की मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में रहे हैं। संघ की ओर से अपनी 10 सूत्रीय मांगों को शासन, प्रशासन के ध्यानाकर्षण हेतु हर दिन आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कार्यशाला में बस्तर शिल्प को बढ़ावा देने पर विचार मंथन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर शिल्प हेंडिक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला शहर के एक होटल में प्रारंभ हुई है, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

■ आत्मनिर्भर एवं सफल उद्यमी बनने मार्गदर्शन दे रहे विशेषज्ञ

इस कार्यशाला में हस्तशिल्प उत्पादकों और युवाओं को व्यवसाय प्रबंधन, विपणन तकनीक, आधुनिक डिजाइन, वित्तीय साक्षरता तथा उद्यमिता के नए अवसरों की जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञ प्रशिक्षक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सफल उद्यमी बनने की दिशा में मार्गदर्शन करेंगे। उद्यमिता और निर्यात विकास पर अजीत सुंदर बिलुंग मुख्य महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ने उद्यमिता का परिचय और उद्यमिता की मानसिकता हस्तशिल्प क्षेत्र में व्यावसायिक अवसरों की पहचान कारीगरों हेतु शासकीय योजनाओं एवं सहयोग निर्यात व्यवसाय का आधार वैश्विक बाजार के अवसर निर्यात प्रक्रियाओं में दस्तावेजीकरण निर्यात हेतु पैकेजिंग एवं गुणवत्ता मानक आदि के संदर्भ में जानकारी दी । कार्यक्रम का उद्देश्य बस्तर अंचल के शिल्पकारों और कारीगरों को संगठित कर उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना है। ताकि स्थानीय कला और शिल्प को नई पहचान मिल सके। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### मांदर गांव के बच्चों को लाल चर्च ने दी पढ़ाई की सामग्री



जगदलपुर। लोहंडीगुड़ा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मांदर में हाल ही में आई बाढ़ त्रासदी ने ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचाया है। वहीं स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है। अनेक बच्चों की किताबें, कॉपियां और अन्य पाठ्य सामग्री नष्ट हो गई। शिक्षा की निरंतरता बनाए रखने और बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए चन्दैय्या मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल चर्च की ओर से पहल की गई। मांदर के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्कूली सामग्री वितरित की गई। स्कूली बैग, पेन सेट, पेंसिल सेट और आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, शिक्षकगण, सरपंच एवं सचिव उपस्थित रहे। बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता झलक रही थी, वहीं अभिभावकों ने चर्च के इस मानवीय कदम पर आभार व्यक्त किया। चर्च के धर्मगुरु लॉरेन्स दास, अध्यक्ष प्रवीण लाल, सचिव रजनीन्द्र डेनियल, फाइनेंस अध्यक्ष शैलेष दास, सदस्य सुभाष जॉन एवं अजय टाइटस मौजूद रहे।

## अवैध कटाई रोकने में वन अमला नाकाम

# अतिक्रमण के लिए सैकड़ों पेड़ काटे, रेंजर व बीट गार्ड को भनक नहीं

मो.अमजद रज़ा खान ▶▶| बीजापुर

आवापल्ली वन परिक्षेत्र के तिमापुर के जंगलों में 200 से अधिक इमारती पेड़ो की धड़ल्ले से कटाई कर दी गई है। ना बीट गार्ड को खबर है और न ही रेंजर को, पेड़ों की इन अवैध कटाई को रोकने में वन अमला नाकाम हैं।

वनांचल के ईमारती पेड़, सागौन, शीशम, बीजा, हल्दु, इन पेड़ों का पैदावार होने का मुख्य कारण प्राकृतिक हैं, न की वन विभाग द्वारा रोपण किया गया हैं, बावजूद इसके इनकी सुरक्षा का दायित्व वन विभाग की हैं, जो इसे निभाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। आवापल्ली से बासागुड़ा जाने वाले राज्य मार्ग में बसे तिमापुर ग्राम पंचायत के जंगलों में पेड़ो की अवैध कटाई बीट गार्ड और रेंजर की नाक के नीचे धड़ल्ले से हो रहा हैं। मिली जानकारी के मुताबिक 200 से अधिक पेड़ों को काटा जा चुका हैं। यह संख्या 500 भी हो सकता हैं क्योंकि घना जंगल होने की वजह से अंदर जा पाना सम्भव नहीं था। सूत्रों का कहना हैं पेड़ों की कटाई की जानकारी रेंजर और बीट गार्ड दोनों को रहती हैं, मगर कार्रवाई नहीं करते हैं।



### पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने का प्रयास जारी

पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने के लिए शासन प्रयासरत है वहीं पौधरोपण को बढ़ावा देने योजनाओं, वन विभाग की निगरानी व्यवस्था, सामुदायिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी के उपयोग जैसी कई योजनाएं लागु है। इनमें कृषि वानिकी मॉडल नियम, राष्ट्रीय इमारती लकड़ी प्रबंधन प्रणाली पोर्टल, टोल-फ्री नंबर और वन सुरक्षा के लिए समर्पित कर्मचारी शामिल हैं, जो अवैध कटाई की रोकथाम में मदद करते हैं।

### जानकारी मुझे नहीं

पेड़ों की अवैध कटाई किस क्षेत्र में हो रही है। इसकी जानकारी मुझे नहीं हैं, मैं रेंजर से पूछकर बताता हूं।

- रंगा नाथन रामकृष्णा
डीएफओ बीजापुर



## खबर संक्षेप



### विधायक किरणदेव को विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी

**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधायक कार्यालय नयापारा में आज विधानसभा क्षेत्र की जनमानस से भेंट कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। सड़क निर्माण,नाली निर्माण,पेयजल,राजस्व संबंधी प्रकरण, विद्युत संबंधित व अन्य समस्याओं से अवगत हुए। विधायक ने कहा जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। हमारी सरकार में क्षेत्र का लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। हम प्राथमिकता के साथ जनता के बीच रहकर उनकी समस्या का समाधान करने का कार्य कर रहे है।

### धोखाधड़ी से बचने की अपील की गई

**जगदलपुर।** सड़क परिवहन विभाग ने आम नागरिकों को अपने चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट पर जाकर ई-चालान के पेज पर जानकारी प्राप्त कर भुगतान करने की अपील की है। ज्ञात हो कि राज्य में सड़क परिवहन विभाग में ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे है, जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में छद्म तरीके से डराने वाले संदेश-मैसेज के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे उड़ा लेने की घटनाएं हुई है। परिवहन विभाग ने आम लोगों से यह अपील कि है ऐसी धोखाधडी से बचने के लिए मैसेज या लिंक पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑनलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कोड डालकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने की समझाईश दी गई है।

### अग्रवाणी बने ग्रामीण संभाग के डीई

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर ग्रामीण संभाग के



कार्यपालन अभियंता सुदीप खेस का स्थानांतरण होने से उनका प्रभार प्रदीप अग्रवाणी ने लिया। वहीं श्री खेस स्टोर में कार्यपालन अभियंता बने।

### परसुली में 13 से रामधुनी प्रतियोगिता

**धमतरी।** ग्राम परसुली में ग्रामवासियों के सहयोग से 13 से 15 सितंबर तक तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद व उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि यहां कई साल से रामधुनी का कार्यक्रम होते आ रहा है, जिसे आज भी ग्रामवासियों ने कायम रखा है। मुख्य अतिथि सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, नीलकंठ साहू, प्रभुराम निषाद, उपसरपंच घनश्याम बांधे होंगे।

# नारायणपुर शाला में एलुमिनी मीट की तैयारी, 1958 से 2024 तक के छात्रों का होगा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नारायणपुर जिसकी स्थापना वर्ष 1958 में हुई थी, अपने गौरवशाली इतिहास को संजोते हुए आज एक अनोखे अवसर का साक्षी बनने जा रहा है। विद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार भूतपूर्व विद्यार्थियों का महाकुंभ आयोजित हो रहा है, जिसमें वर्ष 1958 से लेकर 2024 तक पढ़े विद्यार्थी शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन में विद्यालय की उपलब्धियों का स्मरण, भूतपूर्व विद्यार्थियों के प्रेरक अनुभवों का साझा करना और आने वाली पीढ़ी को मार्गदर्शन देना प्रमुख आकर्षण रहेंगे। साथ ही विचार-विमर्श और सम्मान समारोह कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँगे।

विद्यालय प्राचार्य के प्राचार्य मनोज बागड़े ने कहा कि "1958 से लेकर आज तक की पीढ़ियों का यह महाकुंभ केवल यादों को जीवित करने का अवसर ही नहीं, बल्कि यह विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने और भविष्य की नई संभावनाओं की नींव रखने का संकल्प भी है।" नारायणपुर में आज होने वाला यह आयोजन न केवल विद्यालय परिवार के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व और गौरव का विषय है।

## विद्यालय की गौरवगाथा सुनेंगे और सुनाएँगे भूतपूर्व विद्यार्थी

विदेशों से लौटेंगे भूतपूर्व छात्र-छात्राएँ, मिलेंगे अपने गुरुओं और साथियों से

### विदेशों से भी आएंगे छात्र-छात्राएं

इस ऐतिहासिक सम्मेलन में देश के विभिन्न कोनों से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी छात्र-छात्राएँ लौटकर आ रहे हैं। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर जिन्होंने विज्ञान, प्रशासन, साहित्य, कला, व्यवसाय और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय पहचान बनाई है, वे सभी इस पुनर्मिलन का हिस्सा होंगे।

## दिवस : शिक्षक दिवस समारोह में हुए रोचक कार्यक्रम

# हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शिक्षक दिवस समारोह की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय परिवार ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शोंर् को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रें ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। गीत, नृत्य और नाट्य रूपांतरण ने दर्शकों का मन मोह लिया। उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को और मनोरंजक बनाने के लिए विद्यार्थियों ने शिक्षकों के लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन स्वयं छात्रओं द्वारा किया गया, जिससे शिक्षकों और छात्रें के बीच आत्मीयता और सौहार्द और प्रगाढ़ हुआ। स्पर्धाओं के पश्चात सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं का विद्यार्थियों की ओर से सम्मान किया गया। छात्रें ने अपने गुरुओं को आकर्षक उपहार भेंट कर उनके प्रति आभार और स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर वातावरण हर्ष और भावनाओं से सराबोर हो उठा।

आयोजन में में संस्था के प्राचार्य मुकेश सैमसन, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान,राजू मरकाम, टीकेश्वर नाग, चंद्र रेखा ध्रुव, लता देवांगन, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ व समस्त छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### मिष्ठान वितरण से बढ़ी मिठास

समारोह के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। सभी ने मिलकर शिक्षक दिवस की खुशियों को साझा किया और इस दिन को यादगार बनाया। शिक्षक दिवस का यह भव्य आयोजन विद्यालय परिषद में यादगार बन गया। छात्रें और शिक्षकों के बीच सौहार्द और सम्मान की झलक पूरे आयोजन में दिखाई दी।



### राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर संकुल केंद्र सोनाबाल में हुआ आयोजन

कोण्डागांव। विकासखंड कोंडागांव अंतर्गत तहसील मर्दापाल के संकुल केंद्र सोनाबाल में 6 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय उच्च प्राथमिक शाला सोनाबाल एवं शासकीय प्राथमिक शाला बड़े पारा सोनाबाल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संकुल सोनाबाल के समन्वयक जगतराम शोरी, प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम दीक्षित एवं ईश्वरी कौमार्य, शिक्षिका श्वेता साहू, सहायक शिक्षक पूनम ठाकुर सहित दोनों विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और कार्योंर् से अवगत कराया गया। बताया गया कि एक शिक्षक होते हुए भी उन्होंने राष्ट्र के सर्वोच्च पद को सुशोभित किया और शिक्षा तथा शिक्षक की गरिमा को विश्व स्तर पर स्थापित किया। कार्यक्रम स्थल को गुब्बारों और पुष्पों से सजाकर बच्चों के अनुकूल वातावरण तैयार किया गया। बच्चों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का आकर्षण शासकीय प्राथमिक शाला बड़े पारा सोनाबाल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा तैयार की गई डॉ. राधाकृष्णन की हस्तनिर्मित चित्रकला रही, जिसे सभी ने सराहा।

### पीएम श्री विद्यालय धनोरा में मनाया शिक्षक दिवस व दी भावभीनी विदाई

धनोरा। प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस 5 सितंबर को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है इसी कड़ी में पीएमश्री विद्यालय धनोरा में राष्ट्रीय योजना के विद्यार्थियों के द्वारा दिनांक 5 सितंबर 2025 को पीएम श्री विद्यालय धनोरा के प्रांगण में शिक्षक दिवस मनाया गया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओ एवं रा.यो के छात्र/छात्राओं ने एक पेड़ लगाया। चूंकि उक्त दिवस शासन द्वारा छुट्टी घोषित होने के कारण विद्यार्थियों ने दिनांक 06.09.2025 को शिक्षक सम्मान कार्यक्रम एवं विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसके तहत सर्वप्रथम पीएम श्री अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रथम पाली 7:30 बजे से शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री के. आर.प्रधान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निष्ठा, अनुशासन एवं आदर्श मूल्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। प्रथम पाली कार्यक्रम का संचालन शाला हेड बॉय साहिल ध्रुव तथा हेड गर्ल कु.धारिनी जैन ने किया तथा पीएम श्री विद्यालय हिंदी माध्यम के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने दूसरे पाली में शिक्षक सम्मान का कार्यक्रम 11:30 बजे मां सरस्वती एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्रों में तिलक बंधन एवं पुष्प अर्पण से शुभारंभ किया । शिक्षक सम्मान कार्यक्रम कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों ने कुछ रोचक खेल एवं गाने एवं नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया जो कि बच्चों एवं शिक्षकों के लिए बहुत ही यादगार था इस कार्यक्रम के उद्बोधन संस्था प्राचार्य श्री के.आर. प्रधान ने बच्चों को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं शिक्षकीय जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में संस्था में कार्यरत चतुर्थ वर्ग कर्मचारी श्रीमती सुनैना शांडिल्य एवं लंबे समय मे संस्था में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती शान्ति धनेलिया,अन्यत्र शाला में गए श्रीमती वर्षा मेश्राम व्यावसायिक शिक्षक को भावभीनी विदाई एवं श्रीफल,साल,साड़ी एवं श्रीमद भगवत गीता का भेंट संस्था की ओर से प्रदान किया गया ।इस अवसर पर सभी विद्यार्थी और शिक्षक/शिक्षिकाएँ भावुक हो गईं। इस कार्यक्रम में हिंदी/अंग्रेजी माध्यम के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने कन्या एवं बालक छात्रावासों का किया निरीक्षण, दिए सुधार के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शनिवार को कोण्डागांव स्थित कन्या एवं बालक छात्रवासों का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रवासों में पढ़ाई, स्वास्थ्य, भोजन एवं स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर सभी आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कन्या छात्रवास में स्टडी रूम और कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रओं से कम्प्यूटर ज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त की और अधीक्षक को निर्देशित किया कि छात्रवासों में अध्ययन का माहौल बेहतर बनाने के लिए कक्षों को सुव्यवस्थित किया जाए।

आदर्श पोस्ट मैट्रिक कन्या आदिवासी छात्रवास में कलेक्टर ने बच्चों के स्वास्थ्य पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने सभी छात्रओं का पुनः स्वास्थ्य परीक्षण कराने और नियमित एचबी टेस्ट कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि छात्रवास से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होकर निकलने वाली छात्रओं के नाम सूचना पटल पर लगाए जाएं, ताकि अन्य छात्रएं भी उनसे प्रेरित हो सकें। कलेक्टर ने कन्या छात्रवास के लिए पुस्तकालय की व्यवस्था करने और छात्रओं को नियमित समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय और समाचार पत्र छात्रओं के सामान्य ज्ञान एवं प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होंगे।

### बालक छात्रवास में साफ–सफाई और प्रकाश व्यवस्था पर ध्यान

कलेक्टर ने पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधीक्षक को साफ–सफाई और बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा परिसर को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। पोस्ट मैट्रिक बालक विज्ञान छात्रवास में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किचन में गैस कनेक्शन, किचन शेड, आरओ की मरम्मत और फिल्टर की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग —पेन्द्र तिवारी और मंडल संयोजक रोशन सहारे भी मौजूद रहे।

# गुंडाधूर कॉलेज में हिंदी साहित्य परिषद गठित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागाँव में इस वर्ष भी गुण्डाधूर हिंदी साहित्य परिषद का गठन किया गया है। यह गठन प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के निर्देशन और हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष विनय कुमार देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। परिषद के लिए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। ये हैं अध्यक्ष वंदना साहू, उपाध्यक्ष बिंदेश कुमार, सचिव प्रीति राय, सहसचिव बलराम, कोषाध्यक्ष कुसुमदास इसके अलावा, यमुना नेताम, हेमलता, सुलोन्तीन, चंदूलाल, सुनील, रोहित और पूर्वी ध्रुव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष विनय कुमार देवांगन ने बताया कि इस परिषद का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति रुचि, रचनात्मकता और साहित्यिक चेतना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि विभाग का ध्यान सिर्फ शैक्षणिक विकास पर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर भी है। इसका प्रमाण पिछले चार वर्षोंर् में तीन बार विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में विद्यार्थियों द्वारा गोल्ड मेडल और अन्य स्थान प्राप्त करना है। अतिथि व्याख्याता लक्ष्मी दास मानिकपुरी ने भी नए पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह परिषद विद्यार्थियों को अपनी लेखन और अभिव्यक्ति कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में एम.ए. हिंदी के कई छात्र–छात्रएं मौजूद रहे।



# बड़ेडोंगर में उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि ▶▶| न्यूज फरसगांव

विकासखंड के बड़ेडोंगर क्षेत्र में 06 सितंबर 2025 को प्राप्त शिकायतों के आधार पर कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम के नेतृत्व में उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कृति एंटरप्राइजेस एवं रिद्धि श्री इंटरप्राइजेस का निरीक्षण किया गया। जांच में कृति एंटरप्राइजेस में मूल्य सूची का प्रदर्शन एवं स्टॉक रजिस्टर का संधारण नहीं पाया गया, साथ ही उनकी POS मशीन भी खराब मिली। इस पर संस्था को स्पष्टीकरण जारी किया गया। गोदाम में रखे उर्वरकों को व्यवस्थित करने और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान दोनों दुकानों में यूरिया उर्वरक उपलब्ध नहीं था, जबकि गोदामों में 20-20-0, 14-28-0, DAP, SSP एवं MOP उर्वरक का स्टॉक पाया गया। इस कार्रवाई में एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम के साथ नायब तहसीलदार सुश्री निधि एस. नेताम, उर्वरक निरीक्षक शेषमणि पाण्डेय, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिल मरकाम, मेघनाथ साहू एवं आशीष नेताम शामिल रहे।

# सिर कटी बिना हाथ के मिले महिला शव का किया गया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




मारडूम थाना क्षेत्र स्थित इंद्रावती नदी के करलाकोटापारा में मिले अज्ञात महिला का तीन दिन बाद भी शिनाख्त नहीं होने से अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक महिला का सिर और दोनों हाथ गायब था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी थी शव के पैर पर गोदना से बिंदी के निशान मिले थे बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं होने से पुलिस प्रशासन द्वारा कफन दफन कर दिया गया। मारडूम थाना प्रभारी डेमनलाल भूआर्य ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम करला कोटापारा के इंद्रावती नदी में झाड़ियों और पत्थर के बीच एक महिला के शव होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई थी। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाला गया और आसपास के गांव व थानों में इसकी सूचना दी गई। टीआई ने बताया कि अज्ञात महिला उम्र लगभग 30-35 वर्ष होगी जिसके सिर व दोनों हाथ व शरीर पर कपड़े नही थे। शव को सुरक्षित डिमरापाल अस्पताल में फ्रीजर में रखवाया गया था लेकिन अज्ञात मृतिका के संबंध में अब तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में पोस्टमार्टम कराया गया व शव को पुलिस प्रशाशन द्वारा विधिवत कफन दफन किया गया।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**फरसगांव।** छग भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर का शनिवार को फरसगांव में प्रथम नगर आगमन हुआ। उनके आगमन पर फरसगांव क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस के सामने आतिशबाजी के साथ जोशीला स्वागत किया गया । इस अवसर पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सेवक नेताम, प्रवीर बदेशा , आकाश मेहता, मानकू राम नेताम, प्रशांत पात्र, प्रवीण राव, अंजोरी नेताम, हेमचंद देवांगन, सोमा दास,कुमारी नेताम, श्याम नेताम, कामेश्वर साहू, हरिशंकर नेताम, दीपेंद्र मसीह, वीरेंद्र बघेल, प्रवीण पाण्डे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बच्चों ने दिया स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज का संदेश



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा आज जिला स्तरीय मैराथन दौड़ का आयोजन धरमपुरा क्रीड़ा परिसर मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शुभारंभ शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतिभागियों ने स्वस्थ शरीर स्वस्थ समाज का संदेश देते हुए दौड़ पूरी की। मैराथन दौड़ में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बी आर बघेल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, खेल और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, खेल प्रशिक्षक और लोग उपस्थित रहे।

## जवानों का उत्साह बढ़ाया और नए शहीद स्मारक का किया उद्घाटन

# सीआरपीएफ के महानिदेशक ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने आज 188वीं बटालियन, कोण्डागांव का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले केशकाल में ए/188 कंपनी का निरीक्षण किया, जिसके बाद बटालियन मुख्यालय पहुंचकर अधिकारियों से रणनीतिक गतिविधियों की जानकारी ली।

महानिदेशक ने जवानों से बातचीत की और उनके समर्पण और साहस की सराहना करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। इसके बाद, उन्होंने शबरी इम्पोरियम के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग–30 पर 188वीं बटालियन द्वारा बनाए गए नए और भव्य शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।





### नक्सलवाद के खिलाफ शहीदों का बलिदान

यह स्मारक उन वीर जवानों को समर्पित है जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। 1 जनवरी 2003 से 15 अगस्त 2025 की अवधि में, बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के खिलाफ कई मुठभेड़ों में 20 अधिकारियों सहित कुल 460 सीआरपीएफ जवानों ने अपना बलिदान दिया है। महानिदेशक के साथ विशेष महानिदेशक वितुल कुमार, अपर महानिदेशक अमित कुमार और महानिरीक्षक शालिन सहित 188वीं बटालियन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और जवान भी मौजूद थे। सभी ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन अमर शहीद जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति से गूंज उठा।

## पेज 9 के शेष

### मानसून के समाप्त ....

तथा सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों और प्रशासन के बीच तालमेल बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। इस बैठक को पूरी तरह गोपनीय रखा गया. सुरक्षा कारणों से बैठक स्थल पर मीडिया प्रतिनिधियों को भी प्रवेश नहीं दिया गया माना जा रहा है कि इस बैठक से आने वाले दिनों में बस्तर में नक्सल विरोधी अभियानों की नई दिशा तय हो सकती है।

### हड़तालियों ने रैली ...

जा रहा है। इसमें कलेक्टर को ज्ञापन रैली, न्याय तिरंगा रैली, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को एनएचएम बहनों द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम, संविदा प्रथा पुतला का अंतिम संस्कार, रैली एवं दहन कार्यक्रम किया। हड़ताल से संबंधी गीत गायन, नाट्य की प्रस्तुति, अपनी मांगों को पूरा न होने के विरोध में संघ के रजनीश आचार्य, अमित ईश्वर, अधिक बघेल द्वारा अपने सर के बालों का त्याग कर मुंडन करवाया गया। साथ ही हड़ताल के दिवस में ही सभी एनएचएम संघ द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री को अपने 10 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए खून से पत्र लिखा कर भेजा गया। साथ ही हड़ताल में अपने मांगी को पूरा करने के संबंध में आकर्षक रंगोली किया गया।

आंदोलन होगा उग्रः संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि 10 सूत्रीय मांग पर अनिश्चितकालीन हड़ताल 20 दिन होने के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है, इसलिए आगामी आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कबीर पंथ ट्रस्ट ने की बाढ़ पीड़ितों की मदद



**बचेली।** दंतेवाड़ा व बचेली ट्रस्ट ने बस्तर के दूरस्थ अंचल जिला दंतेवाड़ा के कई ग्रामो में 3 सितम्बर तक बाढ़ पीड़ित परिवारों को आवश्यक राशन खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, आलू, प्याज, नमक, कंबल व कपड़ा आदि वितरण कर जरूरतमंद परिवारों की मदद कर रहे हैं। इस मुहिम के माध्यम से खाद्यान्न सामग्री के अलावा रोजमर्रा की चीज उपलब्ध कराई गई। ग्राम बालपेट, तुमनार, बंगापाल में राज्य संयोजक दुष्यंत सेवादार, गणपत सेठिया, जनक दास, राजाराम, रामलाल नेताम, राजू भोगामी, टेसूराम दास, प्रभु लाल सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण मुहिम में बढ़-चढ़कर मानव सेवा कार्य में अपना योगदान दिया।

### नव नियुक्त प्राचार्य का स्वागत



**भोण्ड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव बकावंड में प्राचार्य मोनिता पाणिग्रही ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने उनका स्वागत गीत के साथ पुष्पगुच्छ प्रदाय किया। नवनियुक्त प्राचार्या को स्कार्फ लगाकर विद्यालय की स्काउट गाइड सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया। मोनिता पाणिग्रही पूर्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना में व्याख्याता के पद पर 1998 से कार्यरत रही और पदोन्नति पर उन्होंने करीतगांव विकासखंड बकावंड में अपना कार्यभार ग्रहण किया।

### वैज्ञानिकों ने किसानों के खेतों का किया भ्रमण

**बीजापुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर के वैज्ञानिकों द्वारा जिले के किसानों के खेतों में भ्रमण किया गया। इस दौरान खेत में धान की फसल पर पत्ती मोड़क कीट चितरी कीट एवं केस वार्म कीट प्रकोप अधिकतर खेतों में देखा गया है। पत्ती मोड़क कीट चितरी कीट इल्ली अवस्था में फसल को नुकसान पहुंचाती है। पूर्ण विकसित इल्ली हरे रंग व 20-25 मिमी लम्बी होती है। यह कीट पत्तियों के दोनों किनारों को आपस में जोड़कर पत्तियों का हरा पदार्थ खुरजकर खा जाती हैं जिससे पत्तियों पर सफेद धारियां बन जाती है।

# 12 राहत शिविर में 560 व्यक्तियों को प्रतिदिन भोजन दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित की है



जिले में हाल ही में हुई अतिवर्षा से प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से त्वरित राहत और सहायता प्रदान की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत स्वयं प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर घर-घर जाकर स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ले रहे हैं।

इस क्रम अब तक अतिवर्षा प्रभावित 420 परिवारों को 1 लाख 20 हजार के मान से कुल 5 करोड़ 4 लाख 7 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की जा चुकी है। इस प्रकार आंशिक क्षति के अतंर्गत 6 सौ 2 परिवारों को 2 करोड़ 6 लाख 24 हजार रुपये की राशि प्रदान किये गए है। इस प्रकार पशु क्षति अतंर्गत 7 लाख 39 हजार 800 रुपये की राशि दिए गए है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा अन्य बचे प्रभावितों परिवारों को सहायता राशि वितरित करने की कार्यवाही की जा रही है।

इसके साथ ही प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर राहत और पुनर्वास की व्यवस्था की गयी है। जिले में वर्तमान में 12 राहत शिविर संचालित हैं, जिनमें 506 व्यक्ति ठहरे हुए हैं। शिविरों में रहने वाले तथा अन्य प्रभावित परिवारों को मिलाकर प्रतिदिन लगभग 560 व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अतिवर्षा से उपजी परिस्थितियों पर जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी प्रभावित परिवार को राहत और सहायता से वंचित न रहना पड़े।

इसके अलावा प्रभावित नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। जिसके तहत कोई भी व्यक्ति कंट्रोल रूम नंबर 07856-252412 पर संपर्क कर अपनी समस्या या जानकारी दे सकता है।

# शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी लगन से करें : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए शिक्षक




जिला मुख्यालय सुकमा में शिक्षा दिवस एवं रजत जयंती समारोह के अवसर पर शुक्रवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम शबरी आडोटोरियम एजुकेशन सिटी कुम्हाररास सुकमा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला स्तर पर चयनित शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2025 हेतु शिक्षादूत पुरस्कार, सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शॉल-श्रीफल एवं प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी को उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि चैतराम आटामी विधायक दंतेवाड़ा ने सभी शिक्षक को शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनांए दी। उन्होंने कहा कि हमारा राज्य 25 वर्ष होने वाला है इसलिए रजत जयंती भी मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबी कभी भी शिक्षा के मध्य बाधा नहीं बनती है। शिक्षा एकमात्र अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने बच्चों और देश के भविष्य निर्माण में सभी शिक्षक को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन और निष्ठा से करने कहा। सुकमा जिले के बच्चे शिक्षा प्राप्तकर लोगों की सेवा कर रहे हैं उसमें आप सभी शिक्षकों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं शिक्षादूतों को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा देने, उनके साथ कठोर परिश्रम करें ताकि वे परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुकमा जिला बेहतर काम कर रहा है। आदिवासी अंचल के बच्चे बेहतर शिक्षा लेकर डॉक्टर्स, इंजीनियर सहित अन्य सेवाओं में चयन होकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। यहां के बच्चे शिक्षा के साथ ही खेलकूद में भी यहां के बच्चे जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षारूपी एक दीप पूरे घर को रोशन कर देता है उसी प्रकार आप सभी गुरूजन बच्चों की बेहतर शिक्षा देने की दिशा में कार्य करें।

जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने रजत जयंती और उप राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली रामकृष्ण को याद करते हुए शिक्षक दिवस की बधाई एवम् शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नए सुकमा, नए छत्तीसगढ़ के निर्माण में बेहतर दिशा में निरंतर शिक्षक गण कार्य कर रहे है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुकमा जिला शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे है। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी, जिपं उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, नगर पालिका परिषद् उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, जपं कोंटा अध्यक्ष कुसुम लता कवासी, दिलीप पेद्दी सहित पार्षदगण, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### नया धान चावल को माथे में टीका लगाकर लिया आशीर्वाद



**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने ग्रामवासियों की उपस्थिति में परंपरा अनुसार नवाखाई तिहार मनाया । उन्होंने उपस्थित बड़े बुजुर्ग से आशीर्वाद लिया और ग्राम विकास के साथ ग्रामवासियों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया । बताया गया कि गांव में वर्षों से यह परम्परा चलते आ रही है । परिवार के सभी प्रमुख एकत्रित होकर नया फसल का धान को गांव व घर परिवार की देवी को चढ़ाकर पूजा सेवा करते हैं। नया धान चावल को एक-दूसरे के माथे में टीका लगाकर आशीर्वाद लिया जाता है। इस अवसर पर सुखचंद कश्यप, नड़गा कश्यप,रामनाथ कश्यप, सुखदेव कश्यप, लच्छू, लच्छीन, अंती, मालती, लक्षनी, गीता, चंद्रभान, हरचंद, छोटू, गुड्डू, कमल,हरेंद्र कश्यप सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# बस्तर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



विधायक लखेश्वर बघेल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर तत्काल पहल करने की मांग की है।

विधायक ने बताया कि 18 अगस्त से एनएचएम अधिकारी व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं । उनकी प्रमुख मांगों में नियमितिकरण, वेतनमान वृद्धि, डी.ए., मेडिकल अवकाश एवं पेंशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं । लंबे समय से चल रही हड़ताल के कारण बस्तर जिले सहित पूरे संभाग की स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह प्रभावित हो चुकी हैं।

बघेल ने कहा कि हड़ताल के चलते जिले के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में ताले लटक गए हैं । ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं लगभग ठप हो चुकी हैं । मरीजों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है । और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग भटक रहे हैं। यह स्थिति बेहद गंभीर होती जा रही है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इनके कार्य बंद रहने से स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन ठप हो गया है यह न केवल मरीजों के लिए खतरनाक है बल्कि जिले के विकासखण्डों में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों को भी गहरी चोट पहुँचा रहा है।

विधायक बघेल ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है कि हड़तालरत कर्मचारियों से चर्चा कर उनकी जायज मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाए । उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान होने से स्वास्थ्य सेवाएं पुनः सुचारू होंगी और आम जनता को शीघ्र राहत मिलेगी।

# रक्तदान से कई लोगों की बच सकती है जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और हर दिन, हर घर आयुर्वेद का आयोजन किया गया। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियों के तहत महारानी अस्पताल में आयोजन किया गया। इस शिविर में युवाओं, सामाजिक संगठनों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। रक्तदान महादान है और इससे अनेक लोगों को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया। साथ ही रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसके अलावा आयुर्वेद अपनाएं, रोगों से बचें हेतु जागरूकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ आयुर्वेदाचार्यों ने जनसमूह को आयुर्वेद के महत्व और जीवनशैली में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि आयुर्वेद केवल उपचार पद्धति नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। जड़ी-बूटियों, औषधियों और योग-प्राणायाम जैसे उपायों के माध्यम से न केवल रोगों का निवारण संभव है, बल्कि बीमारियों से पहले ही बचाव भी किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों के बीच आयुर्वेद को अपनाकर प्राकृतिक तरीके से रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाएं।

# आलोर ने जावंगा को 25 प्वाइंट से हराकर जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



खेल और परंपरा के संगम को जीवंत करते हुए सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति करंदोला द्वारा तहसील परिसर में संभाग स्तरीय पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता लगातार दूसरी पीढ़ी द्वारा आयोजित की जा रही है, जिससे क्षेत्रीय परंपरा को आगे बढ़ाने और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह जगाने का उद्देश्य पूर्ण हुआ।

प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न अंचलों से आई कुल 32 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए जोरदार संघर्ष किया। लीग और नॉकआउट राउंड के बाद रोमांचक फाइनल मुकाबला आलोर और जावंगा की टीम के बीच खेला गया। फाइनल मैच देखने के लिए तहसील परिसर में दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ा। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में आलोर की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जावंगा की टीम को 25 प्वाइंट से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे मुकाबले में दर्शक तालियों और उत्साहवर्धन से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। प्रथम पुरस्कार 31001 भूतपूर्व विधायक चंदन कश्यप द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 20001 जनपद अध्यक्ष बस्तर संतोष बघेल एवं जिला पंचायत सदस्य निर्देश दीवान की ओर से दिया गया।

प्रथम एवं द्वितीय स्थान की शिल्ड जनपद सदस्य जमुना ठाकुर द्वारा प्रदान की गई। बेस्ट रेडर एवं बेस्ट डिफेंडर पुरस्कार वरिष्ठ समाजसेवी ठीबरु मौर्य द्वारा प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में करंदोला की सरपंच संध्या कश्यप, सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष करण ठाकुर, समिति के सभी पदाधिकारियों, स्थानीय युवाओं और ग्रामीणजनों का विशेष योगदान रहा। उनके अथक प्रयासों से यह आयोजन संभाग स्तर पर एक ऐतिहासिक खेल महोत्सव के रूप में संपन्न हुआ।

# शिक्षक मनीराम का विधायक ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के निवास स्थल में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर माध्यमिक शाला बजावंड के सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक मनीराम कश्यप का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनकी निष्ठा और ईमानदारी से दी गई शिक्षा समाज को प्रगति की ओर अग्रसर करती है।

मनीराम कश्यप ने अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत 22 फरवरी 1984 को माध्यमिक शाला मटनार बकावंड से की थी लगातार 41 वर्ष 6 माह तक निर्विवाद सेवा देते हुए उन्होंने 31 अगस्त 2025 को माध्यमिक शाला बजावंड से सेवानिवृत्ति प्राप्त की इस लंबे कार्यकाल में कश्यप ने अपने अध्यापन जीवन को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ निभाया है। कश्यप बकावंड क्षेत्र के लोकप्रिय शिक्षकों में गिने जाते हैं उन्होंने अपने शिक्षण कार्यकाल के दौरान सैकड़ों विद्यार्थियों को शिक्षित कर समाज में एक सशक्त पहचान दिलाने का कार्य किया है। विद्यार्थियों और ग्रामीणों के बीच उनकी सादगीपूर्ण छवि और कर्तव्यनिष्ठा के कारण उन्हें हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा गया।

### खाद्यान्न सामग्री का किया वितरण



लोहंडीगुड़ा। मान्दर पिछले दिनों भारी बारिश के कारण ग्राम पारापुर, बड़े बाहार, नरीपानी नाला के सम्पर्क डुबान वाले क्षेत्र मान्दर का चिखलापारा, पारापुर, नेगानार, में लगभग 45 घर बह गये 45 घर क्षतिग्रस्त हो गए जिसमें कपड़ा, धन दौलत बाढ़ के साथ ही कृषि उपयोगी पशु भैंस, बैल, गाय, सुअर, बकरी, पक्षी आदि बह गये। इस गांव में निवास करने वाले राऊत, पनारा, मुरिया, माड़िया आदि जनजाति बेघर हो गये। पूर्णतः गांव उजड़ गया। पुनः बसने हेतु इस भीषण प्राकृतिक आपदा से पिड़ित परीवारों की मदद के लिये जगदीश चन्द्र मौर्य प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल कोठियागुड़ा पत्नी रमणी मौर्य द्वारा राहत शिविर में जाकर खाद्यान्न सामग्री प्रदान किया गया पिड़ित परिवारों से सहानुभूतिपूर्वक मुलाकात किया गया ।

# नुक्कड़ नाटक में बताए गए एड्स के खतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एड्स नियंत्रण क्लब रेड रिबन व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने चौक चौराहों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डॉ सजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ,कार्यक्रम अधिकारी डॉ भुनेश्वर लाल साहू, देवेंद्र कुमार, दंतेश्वरी गर्ल्स कॉलेज से कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिन्सी दुग्गा मानसी कंवर, वाई. डिंपल, यशोदा यादव, खीरबती नाग,मनीषा ठाकुर, गोमती, प्रतीक्षा पाण्डेय,सरगम कश्यप, अनीता, ललिता सोनी,पायल पाणिग्रही की उपस्थिति में दलपत सागर चौक, दंतेश्वरी मंदिर चौक, बस स्टैंड, गुरु नानक चौक, धरमपुरा चौक, चांदनी चौक , कालीपुर अध्ययनशाला चौक के पास प्रदर्शन किया गया। जिसमें भुवनेश्वर कश्यप, कु कीर्ति बघेल, कु भगवती भद्रे, चंचल मांडवी ,कु त्रिवेणी कश्यप, अंजलि नेगी, रोहित कुमार ,सुखदेव, अरविंद, कामेश्वर ,युवराज मौर्य, कृष्णा ,भावना पोयम ,संतोष सेठिया ने भाग लिया।

# सांसद व विधायक ने किया कई निर्माण कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



बास्तानार विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कुल 212.78 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सांसद एवं विधायक ने संयुक्त रूप से कार्यों का शुभारंभ करते कहा कि विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा।

ग्राम तिरथुम में सीसी सड़क निर्माण, ग्राम बड़े किलेपाल में 2 पुलिया निर्माण, प्राशा नवीन भवन किलेपाल, प्राशा नवीन भवन लक्ष्मणपारा किलेपाल, उप्राशा नवीन भवन दुलापारा जुनाटप्पा, प्राशा नवीन भवन गुजेपाल, उप्राशा नवीन भवन वेट्टीपारा, प्राशा नवीन भवन जामगांव, प्राशा नवीन भवन कोलेंगपारा सावगेल, प्राशा नवीन भवन मलाडीपारा सावगेल, प्राशा नवीन भवन बुरगुम, प्राशा नवीन भवन लालागुड़ा तथा जुनाटप्पा में नाली निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सतत विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिक्षा, सड़क, स्वच्छता और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में निरंतर निवेश करके ही ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि इन निर्माण कार्यों से न केवल बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, बल्कि आवागमन और स्वच्छता की स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। विधायक ने कहा कि बास्तानार क्षेत्र में वर्षों से लंबित विकास कार्यों को अब प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है।

जनभागीदारी और पारदर्शिता के साथ ये कार्य समय-सीमा में पूरे किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वे इन कार्यों की निगरानी में सहयोग करें ताकि गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने इन विकास कार्यों के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह भूमिपूजन न केवल विकास की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि शासन-प्रशासन की योजनाएं अब जमीन पर उतर रही हैं और इसका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, सुनील कुहरामी, जिला मंत्री बाबुल नाग, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर, संतोष ठाकुर, बामन वेट्टी, विमल पाण्डेय, सोहन पोयाम, मगली पोयाम, रवि मण्डावी, रामधर करठाम, अर्जुन पोयाम, एवं संबंधित विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नगर पंचायत क्षेत्र में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



राष्ट्रीय राजमार्ग 63 में नगर पंचायत क्षेत्र गीदम के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए थे। इन गड्ढों की वजह से आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। आए दिन लोग इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। स्थिति यह थी कि बड़े-बड़े प्रशासनिक अधिकारी और राजनेता भी इसी मार्ग से रोज गुजरते रहे, बावजूद इसके गड्ढों को भरने में पूरी तरह से उदासीनता बरती गई। इस लापरवाही से आक्रोशित होकर आज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर नगरवासियों को तात्कालिक राहत दिलाने का बीड़ा उठाया। कार्यकर्ताओं ने स्वयं के व्यय पर सीमेंट और डस्ट का प्रबंध कर गड्ढों को भर दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण सड़कों की यह दुर्दशा हुई है। आए दिन हो रहे हादसों से जनता परेशान है, इसलिए आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर इन गड्ढों को भरा है। यह कदम प्रशासन को जगाने और जनता की आवाज़ सरकार तक पहुँचाने का प्रतीक है। सरकार को रील' से बाहर आकर जमीनी हक़ीक़त पर काम करना चाहिए, न कि सिर्फ़ रील बनाने तक सीमित रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया शिक्षक दिवस



**नगरनार।** सरस्वती शिशु मंदिर नगरनार में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ भैया बहन ने मनाया। संस्था प्रमुख सत्यम सिंह के द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं सभी शिक्षक का तिलक पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता एवं शिक्षकों का मूल्यांकन किया गया । इस अवसर पर विद्यालय परिवार के हर्ष मिश्रा, मालती बघेल, संतोषी बघेल, हेमलता बघेल, राधा दास, रीता यादव, अंजलि सेठिया, प्रतिमा बघेल, वृंदावती कश्यप एवं भैया, बहन उपस्थित रहे।

### शिक्षक भविष्य के निमार्ता सदैव सम्मानीय : देव



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षक दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि गुरूजन हमारे मार्गदर्शक हैं सदैव सम्मानीय है। सम्मानित किए गए शिक्षकों में अनिता राज, केके द्विवेदी, गौतम आचार्य, हेमन्त पाणिग्राही, कीर्ति राम नाग शामिल रहे। किरण सिंह देव और जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय व वरिष्ठ नेताओं ने शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। देव ने कहा कि शिक्षक ही भविष्य का निर्माण करते हैं। गुरुजनों का सम्मान कर हम सभी स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। अंत में दक्षिण बस्तर में बलिदानी शिक्षा दूतों एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सराफ, पूर्व विधायक संतोष बाफना की माता सोनीबाई बाफना के आकस्मिक निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दो मिनट का मौन धारण कर दी गयी।

## निधन

### पी. जयंत कुमार



**जगदलपुर।** बालाजी वार्ड निवासी प्रतिष्ठित कर अधिवक्ता पी. जयंत कुमार का शनिवार को शाम 4 बजे हृदयाघात से निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक कल हार्टअटैक का दौरा पड़ने से उनका एमपीएम हॉस्पीटल में उपचार चल रहा था। तबियत में भी सुधार हो रहा था। लेकिन आज लगभग 3.30 बजे मेजर अटैक आने से वे चल बसे। अधिवक्ता के साथ वे सत्य सांई सेवा समिति, अयप्पा स्वामी और देवी दंतेश्वरी पदयात्रा आयोजन समिति से भी जुडे हुए थे। समाज सेवा में भी वे हमेशा सक्रिय रहते थे। उनके निधन से शहर में शोक की लहर देखी गई। उनके बड़े भाई पी देवेंद्र कुमार भी कर सलाहकार है। छोटे भाई पी नागेंद्र कुमार, एक बहन, पत्नी, पुत्र, पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम यात्रा निवास से रविवार को सुबह 9 बजे खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

## अगले बरस तु जल्दी आ के जयघोष के साथ गणपति बप्पा का विर्सजन...





**जगदलपुर।** सुबह से लेकर देर रात तक वाहनों में गणपति को बिठाकर श्रद्धालु नाचते गाते इंद्रावती नदी की ओर जा रहे थे। जहां अगले बरस तु जल्दी आ के जयघोष के साथ गणपति का विर्सजन किया गया। डीजे की धुन पर नाचते गाते भक्त उत्साह और जोश के साथ अपने मोहल्ले में विराजे सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के भगवान गणेश को लेकर नदी घाट पहुंचे । पुलिस प्रशासन के द्वारा दिए गए हिदायत के बाद फुहड़ गाने इस बार नही बजे। भगवान गणेश की धार्मिक गाने ही बजते रहे। रास्ते में और घाट में सुरक्षा के लिए जवान तैनात रहे।

### महाभण्डारा में अन्न भोग प्रसाद ग्रहण करने जुटे श्रद्धालु

**जगदलपुर।** शहर के शिव मंदिर वार्ड स्थित महादेव घाट शिवमंदिर वार्ड गणेश उत्सव समिति द्वारा शनिवार को अन्न भोग प्रसाद महाभंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिवमंदिर वार्ड के वार्ड के पार्षद एवं नगर निगम में एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही ने बताया ईश्वर की कृपा से लगातार 20 वर्षो से गणेश जी स्थापना किया जा रहा है। अनंत चतुर्दशी के शुभ दिवस पर प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन होता है,आज इसी तारतम्य में हवन पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

# लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला स्थल का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिले के उद्यमियों को एक मंच प्रदान करने स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में लालबाग मैदान में स्वदेशी मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के छोटे-बड़े स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन करने वाले उद्यमियों और स्व सहायता समूहों के साथ स्थानीय संस्कृति, कला और व्यंजन को एक मंच प्रदान कर उनके व्यापार को



- **स्वदेशी उत्पादों और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की पहल**

बढ़ावा देना है। यह स्वदेशी मेला लालबाग मैदान में 1 अक्टूबर से शुरू होगा। मेले का समापन 8 अक्टूबर को किया जाएगा। इस स्वदेशी मेले में 22 से अधिक राज्यों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

शुक्रवार को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण देव के मुख्य आतिथ्य में विधि विधान से हवन पूजन कर भूमि पूजन किया गया । महापौर संजय पांडे इस पूजा विधान में सपत्नीक सम्मिलित हुए और हवन संपन्न करवाया । किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा वोकल फॉर लोकल का नारा दिया गया था,जिसके तहत उन्होंने देश में निर्मित स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की थी। इसी परिपक्ष में आज स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। महापौर संजय पांडे ने कहा कि आज समय की मांग है स्वदेशी। महात्मा गांधी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए देश को आत्मनिर्भर और स्वालंबी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों और उद्यमियों को मंच और रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से लोगों को पता चलेगा कि कौन सी वस्तु है स्वदेशी है जिसका उपयोग करना है और कौन सी वस्तु बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा बनाई जा रही है जिसका बहिष्कार करना है।

जी आर जगत ने कहा कि इस मेले में 22 राज्यों के प्रतिनिधि अपने उत्पादों के साथ हिस्सा लेंगे।इसके अतिरिक्त मेले विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे जिसमें बच्चों और महिलाओं को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस स्वदेशी मेले में बस्तर के स्व सहायता समूहों का विशेष योगदान रहेगा । जिला पंचायत के माध्यम से उद्यमी महिलाओं को यहां भागीदारी दी जाएगी। उन्होंने बस्तर के स्व सहायता समूहों की महिलाओ से स्वदेशी मेले में पंजीयन करवाने की अपील की है।

**ये रहे उपस्थित**

भूमिपूजन कार्यक्रम में महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष श्याम सोमानी, , संयोजक किशोर पारख, सह संयोजक द्वय लक्ष्मण झा, देवेन्द्र देवांगन, शिवनारायण पांडे, डॉ मनोज पाणिग्रही,सफीरा साहू,डॉ. राम राकेश जांगिड़, अभिषेक झा, महिला सह प्रमुख कल्पना शर्मा, प्राची गर्ग, जयेश पंचाल, भावेश सेन,अमरीक सिंह, संग्राम सिंह राणा , अनिल लुक्कड़, अलका गुप्ता ,हेमा गुरूवारा ,विनायक बेहरा उपस्थित रहे।

# ग्रामीण अंचल की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : विनायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा ब्लॉक के ग्राम पंचायत छिन्दावाड़ा (जुनापारा) में आज कबड्डी समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे चित्रकोट विधानसभा विधायक विनायक गोयल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

- **विधायक ने कबड्डी में युवाओं का बढ़ाया हौसला**

करते हुए ग्रामीण खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस आयोजन में कुल 20 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से कई टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना और युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करना था। समापन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं भी उपस्थित रहे, जिससे पूरे आयोजन में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

विधायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा, ग्रामीण अंचलों की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है तो केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की। ऐसे आयोजन युवाओं को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और अनुशासन की भावना भी विकसित करते हैं।

उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया और अन्य प्रतिभागियों को भी उनके प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजकों और ग्राम पंचायत ने विधायक गोयल का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।

समापन के साथ ही सभी टीमों और उपस्थित ग्रामीणों ने इस प्रकार के आयोजन को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की, जिससे क्षेत्र की खेल संस्कृति को और अधिक बढ़ावा मिल सके। इस कार्यक्रम मे, मण्डल अध्यक्ष देवीप्रसाद वेंजाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, जनपद उपाध्यक्ष हरी प्रसाद कश्यप, मुन्नू सिंह, महेश बघेल, सीताराम नाग, मेघनाथ कश्यप, बंटी ठाकुर, महादेव नाग, दिनेश पाण्डेय, बबलु कश्यप, सीताराम नाग, दलसाय कश्यप, मनीराम कश्यप, दीपक यादव, शंकर बघेल, देवेश धुव, मांझी राम, विनोद नाग, बदरू राम, एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंचायत सदस्य, खेलप्रेमी नागरिक और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# बोधघाट परियोजना को निरस्त करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बोधघाट परियोजना से प्रभावित 12 पंचायतों के ग्रामवासियों ने समिति बनाकर विधायक चित्रकोट विनायक गोयल से मुलाकात की।

- **प्रभावित पंचायत के लोग मिले विधायक से**

ग्रामीणों ने बोधघाट परियोजना चालू होने से 20 ग्राम पंचायत से अधिक क्षेत्र के प्रभावित होने की बात कही। इस सम्बन्ध में विधायक को ग्रामवासियों ने पत्र देकर बोधघाट परियोजना को निरस्त करने की मांग की । विधायक ने कहा कि कोई भी परियोजना हो वह बस्तर में तभी लगेगी जब संबंधित क्षेत्र के लोग सहमति देंगे। पहले कांग्रेस के शासन में यह सब होता था। बिना सहमति के उद्योग लग जाते थे और ग्राम सभा भी फर्जी तरीके से होती थी। लेकिन अब हमारे शासन प्रशासन में पंचायतीराज व्यवस्था के अंतर्गत जो अधिकार ग्राम सभा और गांव के लोगों को दिया गया है उसका निर्णय ग्रामीण खुद लेते हैं। बोधघाट परियोजना से प्रभावित क्षेत्र के लोगों की बातें सुनने के बाद विधायक विनायक गोयल ने कहा कि जो भी होगा आप लोगों के निर्णय के अनुसार ही होगा। जोर जबरदस्ती से जल, जंगल, जमीन हथियाने का काम नहीं होगा। विधायक से चर्चा के बाद गांव गांव से पहुंचे ग्रामीण संतुष्ट होकर लौटे।

# गड्ढों को भरने उतरी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गीदम-दंतेवाड़ा मार्ग पर लंबे समय से बने गड्ढे न केवल स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए थे, बल्कि दुर्घटनाओं को भी आमंत्रण दे रहे थे।



हाल ही में, इसी मार्ग पर एक स्कूटी सवार की दुर्घटना ने इस समस्या को और उजागर कर दिया। इसके बाद गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक सराहनीय पहल करते हुए खुद मैदान में उतरकर इन गड्ढों को भरने का कार्य किया। पुलिस की इस पहल को स्थानीय लोगों ने खूब सराहा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही के बीच जनहित में एक अनुकरणीय कदम बताया।

गड्ढों को भरने से फिलहाल लोगों को आंशिक राहत जरूर मिली है, और यह प्रयास पुलिस की समाज के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाता है। हालांकि आम जनता का मानना है कि यह केवल अस्थायी समाधान है। सड़क की स्थायी मरम्मत और डामरीकरण के लिए शासन-प्रशासन को तुरंत कदम उठाने की जरूरत है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए इस मार्ग का पुनर्निर्माण बेहद जरूरी है जिससे कि सड़क सुरक्षित और सुगम हो सके। पुलिस के इस प्रयास ने यह दिखाया है कि जब प्रशासनिक तंत्र में कोई खामी हो, तो समाज के हित में कदम उठाने से बड़ा कोई कार्य नहीं होता।

# हर गरीब को उसका वाजिब हक मिले: नवनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में जनहित एवं विकास के मुद्दे को लेकर लगातार सक्रिय बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद प्रवास में लौह नगरी बचेली पहुंचे। जहां किरंदुल एवं बचेली मंडल की बैठक संपन्न हुई ।

बैठक में रोजगार, खनिज संपदा, डीएमएफ के साथ क्षेत्र के जनहित समस्याओं के समाधान पर रणनीति बनी । साथ ही संगठन को विस्तार देते हुए नियुक्ति की गई । नवनीत चांद ने कहा कि दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल बचेली के जनहित मुद्दों के लिए एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों से बातचीत होगी। राजनीति से ऊपर उठकर हम निरंतर संघर्ष कर रहे हैं, एवं गांव गांव तक जनता के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। हमारा उद्देश्य है बस्तर का सर्वांगीण विकास जिसमें शासन की योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाना है ।

बस्तर संभाग के सभी जिले में हमारे लोग जनता के लिए काम कर रहे हैं । इस दौरान दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमन मरकामी, संभागीय महामंत्री रामनाथ नेगी, यूनियन जिला अध्यक्ष लखमा कोराम, यूनियन सचिव खोरसो राम मौर्य, हिमांशु आनंद, हिड़मा पोडियाम, शिशुपाल पोयम, कन्हैया लाल यादव,विजय सोनवानी,गीता नायक, सुभाष बिहार, दीवाना नायक जगदीश नायक समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ज्येष्ठ व श्रेष्ठ शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला बस्तर के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बापू की कुटिया जो संघ का कार्यालय में शिक्षक दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गौतम ने बताया है कि इस कार्यक्रम में नगर के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान शाल और श्रीफल भेंट कर किया गया। अध्यक्ष ने बताया है कि समिति ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए बीएनआर नायडू,आशा लता पाढ़ी,फड़ीन्द्र नाथ पाणिग्राही,प्रवीण कुमार पांड्या के नामों पर सहमति बनी और



आज शिक्षक दिवस के अवसर पर इनका सम्मान किया गया। फड़ीन्द्र नाथ पाणिग्रही की कार्यक्रम में उपस्थिति की सूचना संघ को थी,किंतु अचानक अस्वस्थ होने के कारण वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके फलस्वरूप उनका सम्मान संघ के सदस्यों ने उनके घर पहुंचकर किया।

# सेंट जेवियर्स हाईस्कूल में मना शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के कुम्हरावंड सेंट जेवियर्स हाईस्कूल प्रांगण में शुक्रवार को शिक्षक दिवस समारोह एवं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर संजय पांडे, पार्षद संग्राम सिंह राणा, सीएमडी एवं चेयरमैन डॉ. जीएस पटनायक, स्कूल की जोनल हेड सुश्री संपूर्णा मिश्रा, कोंडागांव के प्राचार्य अजिश सिंग, उप प्राचार्या वर्षिता नायक, श्रीर्पणा मिश्रा, समस्त स्टॉफ, कोंडागांव,



चांदनी चौक, कुम्हरावंड के शिक्षक, शिक्षिकाएं, बच्चे शामिल रहे। विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुती की, जो लोगों का मनमोहक लिया। कार्यक्रम में चेयरमैन श्री पटनायक ने कहा कि स्कूल के बच्चों को खेल में बेहतर प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और स्कूल के शिक्षकों को उपहार दिया गया।

# खाद की किल्लत से जूझते किसानों के समर्थन में उतरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इन दिनों प्रदेश सहित बस्तर जिले के भानपुरी तहसील क्षेत्र के भी किसान खाद कि कमी से जूझ रहें। खाद की इस समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने किसानों के साथ रैली निकाली और सहकारी विभाग को मांगपत्र सौंपा। इस दौरान कांग्रेसियों का कहना था फसल बुआई के समय से लेकर अब तक किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है,खाद की कमी का भरपूर फायदा

बिचौलिए उठा रहें हैं। निजी खाद बीज विक्रेता कई गुना अधिक दामों पर खाद बेच रहें हैं। 250 रुपए में मिलने वाली यूरिया को 1300 रुपए में बेच रहें हैं,1400 रुपए की डीएपी 2500 रुपए में बिक रही है। किसान फसल नुकसानी को देख अधिक दामों पर भी खाद खरीदने को मजबूर



हैं। किसानों की समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा है सुध लेने वाला कोई नहीं है, विभाग मौन है कहीं न कहीं शासन प्रशासन द्वारा किसानों की उपज को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से खाद कि आपूर्ति को रोका जा रहा है। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि कांग्रेस

पार्टी की सरकार के दौरान हमने किसानों के हित का ध्यान रखकर कार्य किया था,जिसका लाभ किसानो को मिल रहा था और किसानों की आय में इजाफा हो रहा था। आज किसान भाजपा की सरकार मे स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहें हैं, कांग्रेस पार्टी आज भी किसानों के साथ है। एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सहकारिता विभाग कार्यालय करंदोला (भानपुरी) पहुंच मांगपत्र के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाह रहे हैं और तत्काल समस्या से निजात दिलाने की मांग करते हैं।आने वाले दिनों मे खाद के मामले मे यही स्थिति रही तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ आंदोलन का रुख अपनाएगी,किसानों की समस्या को देखते हुए शासन त्वरित रूप से खाद की कमी को दूर करने की दिशा मे कार्य करे ऐसी मांग रखी गई है। इस दौरान बस्तर ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष श्याम दीवान, वरिष्ठ कांग्रेसी श्यामसुंदर पाण्डे,लखेश्वर कश्यप, धनुर्जय नेताम, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिल बघेल, निलय कश्यप, धर्मा पाढ़ी, सत्यकांत कश्यप, पुनऊ कश्यप, अभिषेक बाजपेई, दया बघेल, जेटू कोर्राम, कृष्णा कश्यप, हेमकुमार चौहान, जीवन सेठिया, सोनसिंग कश्यप, फगनू बघेल एंव मंडल, सेक्टर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव सदस्य व मंडल प्रभारी,युवक कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों की उपस्थिति रही।

